# तुमने किसी नसीब को | By Mukesh Bagda

तुमने किसी नसीब को बदले हुए देखा है
देखो दयालु श्याम ने ये काम कर दिया है

दरबार का नियम है बिगड़ी हुई बनाना
जाकर पता करो तुम आकर मुझे बताना
फैला जो इसके आगे दामन वो भर गया है
देखो दयालु श्याम ने ये काम कर दिया है

इसके भरोसे छोड़ दे नैया संभाल लेगा
तूफ़ान जब भी आये तुझको निकाल लेगा
आया जो इसके दर पे इंसान वो तर गया है
देखो दयालु श्याम ने ये काम कर दिया है

बन जा दीवाना तू भी दिलदार की दया का
बनवारी इस जहाँ ने बतला तुझे दिया क्या
चरणों का दास जो है जीवन संवर गया है
देखो दयालु श्याम ने ये काम कर दिया है

[https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a4%bf%e0%a4%b8%e0%a5%80-%e0%a4%a8%e0%a4%b8%e0%a5%80%e0%a4%ac-%e0%a4%95%e0%a5%8b-by-mukesh-bagda/](https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a4%bf%e0%a4%b8%e0%a5%80-%e0%a4%a8%e0%a4%b8%e0%a5%80%e0%a4%ac-%e0%a4%95%e0%a5%8b-by-mukesh-bagda/)